संख्या-35/49/78-1-2014-08आई0टी0/2014

प्रेषक,

बी0पी0 सिंह,

अनु सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,

यपूीएलसी, लखनऊ ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊः दिनांक 21मार्च, 2014

विषयः- वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में सूचना प्रौद्योगिकी नीति-2012 हेतु नीति कार्यान्वयन इकाई के गठन हेतु प्राविधानित धनराशि रू0 50.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति जारी किये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या-यूपीएलसी:शासन:013, दिनांक-07-01-2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करनें का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-7 उपशीर्ष आई0टी0 सिटी की स्थापना हेतु परियोजना क्रियान्वयन इकाई के गठन 16-व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान मद में रू0 50.00 लाख का प्राविधान किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष के प्राविधानित उपरोक्त उपशीर्ष को परिवर्तित करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी नीति-2012 कार्यान्वयन इकाई गठन 16-व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान किये जाने का अनुरोध वित्त विभाग से किया गया, परन्तु वित्त विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में प्राविधानित उक्त शीर्ष को संशोधित किया जाना नियमानुकूल नहीं पाया गया। इस प्रकार प्रश्नगत धनराशि की स्वीकृति निर्गत किया जाना संभव नही है। कृपया अवगत होना चाहें।

भवदीय,

(बी0पी0 सिंह)

http://shasanadesh.up.nic.in

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in